आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–03 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन का क्रम जारी है। आज बुलंदशहर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोला सिंह और गाजियाबाद से लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने नामांकन किया तो वहीं मेरठ की हापुड़ लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी देवव्रत त्यागी ने भी पर्चा दाखिल किया। इसी तरह अमरोहा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर दानिश अली ने नामांकन किया। दूसरे चरण की आठ सीटों पर कल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख होगी। इस चरण की आठ सीटों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा के फतेहपुर सीकरी और सूर सदन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा का चुनाव बहुत स्पष्ट है। ये पहले ही दो ध्रुवों में विभाजित हो चुका है। इस बार फैमिली बनाम नेशन फर्स्ट, तुष्टिकरण बनाम राष्ट्रवाद और भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस के बीच मुकाबला है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, हाइवे, एयरपोर्ट, एक्सप्रेस–वे, आईआईटी, एम्स और आईआईएम वाला ये नया भारत न केवल एक सौ चालीस करोड़ जनता की आवश्यकता बल्कि दुनिया की आवश्यकता की पूर्ति करने वाला भारत बनकर उभर रहा है।

****

गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान यानी एनबीआरआई लखनऊ के साथ आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर विश्वविालिय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और एनबीआरआई लखनऊ के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने किया।

इस समझौता ज्ञापन के तहत कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी आधारित अनुसंधान एवं शैक्षणिक आदान–प्रदान के क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए युवा शोधकर्ताओं की विशेषज्ञता व कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अलावा, संस्थानों का लक्ष्य इस साझेदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं को विकसित और कार्यान्वित करना है।

कुलपति डॉ. अतुल वाजपेयी ने इस पहल को कृषि अनुसंधान और संबद्ध विज्ञान के विभिन्न विषयों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और साझा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की ओर से निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने शोध एवं कौशल विकास कार्यक्रमों, अनुसंधान और विकास पहलों के माध्यम से पूर्वांचल में पुष्पोद्पादन की उत्पादकता बढ़ाने की योजना भी साझा की।

****

बाराबंकी जिले के कोतवाली क्षेत्र में कल सड़क हादसे में तीन छात्राओं समेत चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में छह शिक्षकों समेत पंद्रह से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिनमे से दो की हालत गंभीर है। दुर्घटना तब हुई जब सूरतगंज ब्लाक के कम्पोजिट विद्यालय हरक्का के बयालिस बच्चे शैक्षिक भ्रमण के लिए बस से लखनऊ के चिडियाघर गये थे। वहां से लौटते समय स्कूली बच्चों से भरी बस, बाइक को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को देवा सीएचसी पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। कुछ घायलों को वहां से केजीएमयू भी रेफर किया गया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया एक्स के जरिये दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा है कि बाराबंकी में हुयी सड़क दुर्घटना में बच्चों का निधन अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनायें शोक–संतप्त परिजनों के साथ है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों को घायल बच्चों के समुचित उपचार के लिये निर्देश दिये गये हैं।

उधर, दिल्ली–सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित बागपत जिले के खिड़की गांव के पास टैंकर ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसमें दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच महिलाओं समेत छः लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर जिला अस्पताल पहुंचे जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने घायलों का हाल जाना और चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये।

****

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को संकल्प दिलाने के साथ ही रैली निकाल कर उन्हें वोट की महत्ता भी बतायी जा रही है। इसी क्रम में अमरोहा में आज जेएस हिन्दू इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों से मतदान करने की अपील की। हरदोई में सीएसएन डिग्री कॉलेज से आरआर इण्टर कॉलेज तक विद्यार्थियों ने मतदाता जाकरूकता रैली निकाली। वहीं, हरदोई, गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, बस्ती, वाराणसी सहित कई अन्य जिलों में भी मतदाता जागरूकता के कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

****